5:1-16

मसीही सह-विश्वासियों का आदर करना

पौलुस ने प्रचारक के दायित्वों को बताना 5:1, 2 में पूरा कर लिया। शेष 1 तीमुथियुस अधिकांशतः अन्य लोगों के प्रति व्यवहार के बारे में है: विधवाओं (5:3-16), वृद्धों (5:17-22, 24, 25), दासों (6:1, 2), और धनी लोगों (6:6-10, 17-19)। कुछ निर्देश व्यक्तिगत दायित्वों की ओर संकेत करते हैं, और कुछ मण्डली के दायित्वों की ओर।

वृद्ध तथा युवा पुरुषों और स्त्रियों का आदर करना (5:1, 2)

[1]किसी बूढ़े को न डाँट, पर उसे पिता जानकर समझा दे, और जवानों को भाई जानकर; [2]बूढ़ी स्त्रियों को माता जानकर; और जवान स्त्रियों को पूरी पवित्रता से बहिन जानकर समझा दे।

आयतें 1, 2. प्रचारक के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है लोगों के साथ व्यवहार करना। पौलुस ने तीमुथियुस से आग्रह किया कि वह मसीही सह-विश्वासियों के साथ आदरपूर्ण व्यवहार करे। उसने अध्याय 5 के आरंभ में औरों के प्रति व्यवहार का संक्षेप बताया: **किसी बूढ़े को न डाँट, पर उसे पिता जानकर समझा दे, और जवानों को भाई जानकर; बूढ़ी स्त्रियों को माता जानकर; और जवान स्त्रियों को पूरी पवित्रता से बहिन जानकर समझा दे।**

वाक्यांश "बूढ़े" πρεσβύτερος *(प्रेस्ब्यूटेरोस)* से है, जिसका उपयोग मण्डली के प्राचीनों के लिए भी किया जाता है। यहाँ, जैसा कि संदर्भ से विदित है, इसका उपयोग गैर-तकनीकी रीति से एक वृद्ध मसीही पुरुष के लिए किया गया है। केवल वृद्ध हो जाना इस बात की कोई निश्चितता नहीं है कि व्यक्ति आत्मिक आयु में भी विकसित हो गया है। कभी-कभी बूढ़े लोगों को भी सुधारे जाने की आवश्यकता होती है। परन्तु किसी मसीही को सुधारने की एक सही विधि होती है और एक गलत। किसी बूढ़े को "डांटना" गलत विधि है। वाक्यांश "डांटना" ἐπιπλήσσω (*एपिलेप्सो*, जिसका शब्दार्थ है "प्रहार करना") एक कठोर यूनानी शब्द से है। यह ἐπί (*एपी*, "ऊपर" या "पर") और πλήσσω (*प्लेसो*, "प्रहार")[1] की संधि से है। सही रीति है "समझा दे" (παρακαλέω,

पैराक्लियो)[2] पिता के समान जानकार। इसका नियमबद्ध अर्थ है उससे एकांत में बात करना, नम्रता के साथ।

"जवानों" νέος (*नियोस*, "नया" या "युवा") का तुलनात्मक बहुवचन रूप है। ये जवान पुरुष तीमुथियुस के समकालीन रहे होंगे (देखें 4:12)। उसे उन्हें "भाई" समझना था।

उसे "बूढ़ी स्त्रियों" (πρεσβυτέρας, *प्रेस्बुटरास*, यह *प्रेस्बुटरोस* का बहुवचन स्त्रीलिंग रूप है) को वही आदर देना चाहिए जो अपनी माँ को देता है। जब मैं अपने बीते हुए दिनों को मुड़कर देखता हूँ तो ऐसी कई अद्‌भुत मसीही स्त्रियों को पाता हूँ जो मेरे और मेरी पत्नी के लिए माँ के समान थीं। पौलुस का भी ऐसा ही अनुभव रहा (देखें रोमियों 16:13)।

तीमुथियुस को "जवान स्त्रियों" (*नियोस* का बहुवचन स्त्रीलिंग रूप) को "बहिन जानना" था। किसी ने कहा है कि उसे उनके साथ ऐसे व्यवहार करना था जैसा कि उसकी अन्य जवान पुरुषों से अपेक्षा होती कि वे उसकी बहिन (यदि उसकी बहिन होती) के साथ व्यवहार करें। आयत 2 का अन्त **पूरी पवित्रता से** के साथ होता है। ये शब्द यहाँ सूचीबद्ध चारों समूहों पर लागू हो सकते हैं, परन्तु इनका विशेष अभिप्राय तीमुथियुस के जवान स्त्रियों से संबंध के प्रति है। जैसा कि पहले ध्यान किया गया है, यह जवान प्रचारकों के लिए अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। एक सुसमाचार प्रचारक का जवान स्त्रियों के निकट ऐसा व्यवहार होना चाहिए कि अनुचित व्यवहार का संकेत भी न मिले।

तीमुथियुस को कलीसिया के अन्य सदस्यों के प्रति जो व्यवहार रखना था उसका संक्षेप एक शब्द "आदर" में किया जा सकता है: वे चाहे बूढ़े हों या जवान, उसे अन्य मसीहियों के प्रति आदर का व्यवहार करना था।

विधवाओं का आदर करना (5:3-16)

"सचमुच विधवाएं" (5:3-8)

[3]उन विधवाओं का, जो सचमुच विधवा हैं, आदर कर। [4]यदि किसी विधवा के बच्चे या नाती-पोते हों, तो वे पहले अपने ही घराने के साथ भक्ति का बर्ताव करना, और अपने माता-पिता आदि को उनका हक्क देना सीखें, क्योंकि यह परमेश्वर को भाता है। [5]जो सचमुच विधवा है, और उसका कोई नहीं, वह परमेश्वर पर आशा रखती है, और रात दिन विनती और प्रार्थना में लौलीन रहती है; [6]पर जो भोगविलास में पड़ गई, वह जीते जी मर गई है। [7]इन बातों की भी आज्ञा दिया कर ताकि वे निर्दोष रहें। [8]पर यदि कोई अपनों की और निज करके अपने घराने की चिन्ता न करे, तो वह विश्वास से मुकर गया है और अविश्वासी से भी बुरा बन गया है।

आयत 3. पौलुस ने सबसे पहले विधवाओं की चर्चा की जिन्हें उसने **सचमुच**

विधवा (5:3, 5, 16) कहा। एक "विधवा" (χήρα, *केरा)* वह "स्त्री है जिसके पति का देहांत हो गया है,"[3] परन्तु "सचमुच विधवा" कौन है? जिस शब्द का अनुवाद "सचमुच" (ὄντως, *ओंटॉस)* हुआ है उसका अर्थ होता है "वास्तव में ऐसा है, सच में।"[4] पौलुस ऐसी स्त्री के विषय बात कर रहा था न केवल जिसके पति का देहांत हो गया था, वरन जो वास्तविकता में निःसहाय थी: उसके पास कोई संसाधन नहीं थे और उसकी देखभाल करने वाला कोई नहीं था (5:4, 5, 8)।

ऐसे समय में जब कोई सरकारी सहायता, परोपकारी संस्थाएं, सेवा-निवृत्ति कार्यक्रम, और जीवन बीमा उपलब्ध नहीं थे, एक स्त्री जिसका उसके लिए प्रावधान करने वाला व्यक्ति जाता रहा था, वह समाज के सबसे कमज़ोर सदस्यों में से एक थी। कुछ विधवाओं के पास संसाधन थे जिनका वे सहारा ले सकती थीं: उनके पति द्वारा छोड़ी गई संपत्ति, बहुतायत से मिले दहेज का शेष भाग, या परिवार के सदस्य जो उनकी देखभाल कर सकते थे। जिनके पास ऐसे कोई संसाधन नहीं थे उन्हें 5:3-8 में "सचमुच विधवा" कहा गया है। संभवतः पौलुस के मन में ऐसी विधवा भी थीं जो सहायता के योग्य थीं (5:5, 6)। यह सबको विदित होना चाहिए कि वह मसीह की वास्तविक अनुयायी हो।

हमारा "सचमुच विधवा" के प्रति क्या दायित्व है? हमें उनका **आदर** करना है। "आदर" τιμάω *(तिमाओ)*[5] से है, जिसका अर्थ है "उच्च सम्मान दिखाना"[6] यह परमेश्वर के राज्य में विधवाओं के मूल्य की अभिव्यक्ति है - और संभवतः इसमें सामाजिक पहचान निहित है। इसी संदर्भ में, इस अभिव्यक्ति में, उनकी देखभाल करना भी सम्मिलित है।[7] कुछ आयतों के पश्चात, प्राचीनों को दोगुना आदर देने की बात में उनकी आर्थिक सहायता भी सम्मिलित थी (5:17, 18)। यीशु ने ध्यान दिलाया कि माता-पिता का "आदर" करने की आज्ञा (निर्गमन 20:12) में उनके वृद्ध हो जाने पर उनकी आर्थिक सहायता करना सम्मिलित था (मत्ती 15:4, 5)। परन्तु हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बात का केन्द्र "आदर" है। विधवाओं की सहायता करने को दान नहीं समझना चाहिए। यह उन्हें आदर देने की प्रक्रिया का एक भाग है।

आयत 4. पौलुस ने तुरंत ही यह भी कहा कि विधवा की देखभाल करने का प्राथमिक दायित्व उसके *परिवार* का है: **यदि किसी विधवा के बच्चे या नाती-पोते[8] हों, तो वे पहले[9] अपने ही घराने के साथ भक्ति का बर्ताव करना, और अपने माता-पिता[10] आदि को उनका हक्क देना सीखें, क्योंकि यह परमेश्वर को भाता है।** "भक्ति का बर्ताव करना" (εὐσεβέω, *यूसेबियो)* का अर्थ है "किसी के प्रति बहुत सम्मान दिखाना" जिसमें "अपने परिवार के सदस्यों के प्रति विशेष आदर सम्मिलित है।"[11] इस खण्ड में, यह सम्मिलित है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी सदस्यों के पास जीवन की आवश्यकताएँ उपलब्ध हैं, जैसे कि भोजन, वस्त्र, और शरण-स्थान। एक जानी-पहचानी कहावत को अपनाते हुए हम कह सकते हैं कि "सच्ची भक्ति अपने घर से ही आरंभ होती है।"

पौलुस ने वृद्ध माता-पिता की सहायता करने के दो कारण दिए। पहला है

"उनका हक्क देना सीखें," जो कुछ उन्होंने हमारे लिए किया है उसके प्रत्युत्तर में उनके लिए करें। हम जब संसार में आए, तो उन्होंने सुनिश्चित किया कि हम गरम, स्वच्छ, और पोषित रहें। उन्होंने अपने प्रेम की हम पर अपने शब्दों और कार्यों द्वारा वृष्टि की। जैसे-जैसे वे वृद्ध होते जाते हैं, हमें भी उनके प्रति वैसा ही करना है।

कोई पूछ सकता है, "किन्तु यदि मेरे माता-पिता अच्छे नहीं रहे हो तब क्या?" इस प्रश्न का उत्तर है "तो फिर दूसरे कारण के लिए उनकी सहायता करो: 'क्योंकि यह परमेश्वर को भाता है।'" "भाता है" ἀπόδεκτος *(एपोडेकतोस)* से है, जो उसके लिए है जो "प्रसन्न करने वाला" और "स्वीकार योग्य"[12] है (देखें 2:3)। वृद्ध माता-पिता की देखभाल करना न केवल पारिवारिक दायित्व है; वरन यह धार्मिक कर्तव्य भी है।

आयत 5. पौलुस ने संकेत किया कि जिस "वास्तविक विधवा" की सहायता की जानी चाहिए उसे भक्त स्त्री होना चाहिए। इस आयत का आरंभ ऐसे शब्दों के साथ होता है जो यह स्पष्ट करते हैं कि उसके कोई जीवित संबंधी न हों: **जो सचमुच विधवा है, और उसका कोई नहीं**। ऐसी स्थिति में स्त्री स्वयं पर तरस खाने वाली हो सकती है, परन्तु पौलुस ने जिस का उल्लेख किया वह ऐसी नहीं है। वरन, **वह परमेश्वर पर आशा रखती है, और रात दिन विनती और प्रार्थना में लौलीन रहती है**।[13] असंतोष व्यक्त करने के स्थान पर, वह "रात दिन" प्रार्थना में लौलीन रहती है (देखें लूका 2:37) - अर्थात "बिना थमे" (1 थिस्स. 5:17)।

आयत 6. यह भक्त स्त्री 5:6 की सांसारिक स्त्री की सीधे तुलना में आती है। इस संदर्भ में सांसारिक स्त्री को भी विधवा होना होगा। परन्तु अपने आप को प्रार्थना में लौलीन रखने के स्थान पर वह **भोगविलास में पड़ गई**।[14] ये शब्द σπαταλάω *(स्पातालाओ)* का अनुवाद हैं जिसमें "भोग विलास, कामुक"[15] अर्थ होता है। *स्पातालाओ* केवल दो अन्य बाइबल खण्डों में आता है। यह यहेजकेल 16:49 के सेप्टुजिंट या सप्तति (यूनानी) संस्करण में, जिसमें सदोम और अमोरा का वर्णन आता है, और याकूब 5:5 में आता है, जो ऐसे धनी व्यक्तियों के संबंध में है जो भोग-विलास में जीवन जीते हैं।

पौलुस के अनुसार, ऐसी स्त्री **जीते जी मर गई है**। "मर गई है" θνήσκω *(थनेसको)* से आता है। इस खण्ड में, इसका अर्थ होता है आत्मिक रीति से मृतक होना (देखें इफि. 2:1)। वह शारीरिक रीति से जीवित है, परन्तु परमेश्वर से पृथक होने के कारण आत्मिक रीति से मृतक है (देखें इफि. 4:18)।[16] स्वाभाविक निष्कर्ष है कि ऐसी स्त्री की कलीसिया द्वारा कोई सहायता नहीं की जानी चाहिए। उसके जीवन के दो पक्ष उसे अयोग्य ठहरा देते हैं: (1) वह विलासिता में जीती है, जिससे पता चलता है कि उसके पास अन्य संसाधन हैं, और (2) उसकी जीवन शैली भक्तिहीन है, जो प्रभु पर नहीं वरन स्वयं पर केंद्रित है।

आयत 7. इससे पिछले अध्याय में, पौलुस ने तीमुथियुस से कहा कि वह अनेकों सिद्धांतों "की आज्ञा दे और सिखाता रह" (4:11)।[17] यहाँ उसने कहा, **इन बातों की भी आज्ञा दिया कर**। पौलुस ने कहा कि ऐसा इसलिए कर **ताकि वे**

[व्यक्ति तथा मण्डली दोनों ही] **निर्दोष रहें**।

आयत 8. यह खण्ड व्यक्तिगत दायित्व पर दिए गए अतिरिक्त ज़ोर के साथ समाप्त होता है।[18] पौलुस के शब्द कठोर और समझौता न करने वाले हैं: **पर यदि कोई अपनों की और निज करके अपने घराने की चिन्ता न करे, तो वह विश्वास से मुकर गया है और अविश्वासी से भी बुरा बन गया है।** वाक्याँश "अपने" में उसका विस्तृत परिवार भी आ जाता है। NCV में "उसके अपने संबंधी" आया है। एक मसीही का दायित्व उसकी चाची-ताई, चाचा-ताऊ, और अन्य संबंधियों के प्रति भी होता है। परन्तु उसका "विशिष्ट" दायित्व "अपने घराने के लोगों" के प्रति है, अर्थात उसके वृद्ध माता-पिता और दादा-नाना।[19]

यह प्रावधान, सबसे पहले, बुनियादी भौतिक आवश्यकताओं, जैसे कि पोषण और तत्वों से सुरक्षा के लिए है। यदि हम अपनी माताओं को उपयुक्त भोजन, वस्त्रों, और शरण-स्थान प्रदान करना छोड़ देते हैं तो बहुत ही कम संभावना है कि हमारे द्वारा उनके भावनात्मक और आत्मिक भलाई के लिए की गई किसी भी सहायता से वे प्रभावित होंगी। परन्तु एक बार वे बुनियादी आवश्यकताएं पूरी हो जाएँ, तब अन्य आवश्यकताओं को भी पूरा करना चाहिए, जैसे कि प्रेम, प्रशंसा और उपयोगी होने की इच्छा को पूरा करना।

यह सब उपलब्ध करवाने का दायित्व कोई छोटी-मोटी बात नहीं है। पौलुस ने कहा "पर यदि कोई अपनों की और निज करके अपने घराने की चिन्ता न करे, तो वह विश्वास से मुकर गया है"! "विश्वास" से अभिप्राय है प्रेरणा द्वारा प्राप्त हुई शिक्षाओं का संकलन।[20] "मुकर गया" एक प्रबल शब्द ἀρνέομαι (*अर्नियोमई*, "परित्याग, छोड़ना")[21] से है। प्रथम, जो अपने इस दायित्व की उपेक्षा करता है वह "विश्वास से मुकर गया है" क्योंकि प्रेरणा द्वारा प्राप्त शिक्षा कहती है "अपने पिता और अपनी माता का आदर करना।"[22] दूसरे, वह "विश्वास से मुकर गया है" क्योंकि उसके कार्य दिखाते हैं कि उसके मन में प्रेम नहीं है। विश्वास "प्रेम में सक्रिय होता है और प्रेम से विच्छेदित नहीं हो सकता है"[23] (देखें 1 कुरि. 13:13; 1 तीमु. 1:14; 2:15)।

पौलुस ने, उसके विषय, जो अपनों की देखभाल नहीं करता है, इस सारगर्भित संक्षिप्त आंकलन के साथ समाप्त किया: "अविश्वासी से भी बुरा बन गया है।" "अविश्वासी" (ἄπιστος, *एपिस्टोस)* "विश्वास करना" (πιστός, *पिस्टोस)* अल्फा (α, *ए)* के साथ, का नकारात्मक है। अधिकांश अविश्वासियों (गैर-मसीहियों) में अपने परिवार, विशेषकर वृद्ध माता-पिता की देखभाल के लिए नैतिक और सामाजिक नियम थे। इस बात में असफल होने का अर्थ था अपने आप को "अधर्मी" (KJV) से भी नीचा बना लेना।

विधवाओं की "सूची" (5:9, 10)

9उसी विधवा का नाम लिखा जाए जो साठ वर्ष से कम की न हो, और एक ही पति की पत्नी रही हो, 10और भले काम में सुनाम रही हो, जिस ने बच्चों का

पालन-पोषण किया हो; अतिथियों की सेवा की हो, पवित्र लोगों के पाँव धोए हों, दुखियों की सहायता की हो, और हर एक भले काम में मन लगाया हो।

आयतें 9, 10. यह खण्ड आरंभ होता है उन योग्यताओं के साथ जिनके अन्तर्गत विधवाओं को सूचीबद्ध किया जाना था: **उसी विधवा का नाम लिखा जाए।** हमारे समक्ष यह प्रलोभन है कि हम "सूची" से उन सभी विधवाओं का तात्पर्य समझें जिनकी इफिसुस की मण्डली सहायता करती थी। परन्तु ऐसा मना लेने से समस्या उत्पन्न होती है। आयत 9 आगे कहती है कि "जो साठ वर्ष से कम की न हो" क्या हमें यह माना लेना चाहिए कि कलीसिया को ऐसी जवान विधवाओं की सहायता करने से मनाही थी जो वास्तव में निःसहाय ("सचमुच विधवा") थीं? कदापि नहीं।[24] इसके अतिरिक्त, इस "सूची" में सम्मिलित लिए होने के विधवा को एक प्रकार की "शपथ" लेनी थी (5:12), जो, यदि वह पुनः विवाह कर लेती तो टूट जाती (5:11, 12)। यह बात की सम्भावना कम है कि इसमें "सचमुच आवश्यकता में" विधवाओं का वर्णन होता।

बहुत से लेखकों का मानना है कि 5:9-16 इफिसुस में "सचमुच विधवाओं" के एक विशेष भाग के संबंध में था जिनका मण्डली के साथ एक पारस्परिक संबंध था। यदि ऐसा हो भी, तो भी हम इस के लिए निश्चित नहीं हैं कि वह संबंध क्या था। हम किसी अन्य कलीसिया में ऐसी किसी सूची के विषय नहीं पढ़ते हैं, इसलिए संभवतः यह व्यवस्था इफिसुस की कलीसिया के लिए विशिष्ट थी। किसी भी रीति से, इतनी जानकारी नहीं है कि इसे कलीसिया के लिए परमेश्वर के नमूने के रूप में स्वीकार किया जाए। जे. डब्ल्यू. रॉबर्ट्स ने लिखा,

> पौलुस जो निर्देश दे रहा है हम वर्तमान समय में कलीसिया में उसका अनुकरण करने के लिए उसके विषय बहुत ही कम जानते हैं। अवश्य ही, यदि परमेश्वर इस व्यवस्था को - वह चाहे जो भी हो - कलीसिया में बनी रहना चाहता, तो वह इसके विषय और जानकारी देता। परमेश्वर का वचन हमें हर भले काम के लिए तैयार करता है (2 तीमु. 3:17)।[25]

इसका यह अर्थ नहीं है कि हमें 5:9-16 का अध्ययन और उससे शिक्षाएँ लेने का प्रयास नहीं करना चाहिए। परमेश्वर ने यह जानकारी किसी उद्देश्य से संजो कर रखी है। हम इस खण्ड को आयत-आयत करके पढ़ेंगे और फिर इसका अनुप्रयोग करेंगे।

"नाम लिखा जाए" καταλέγω *(कातालेगो)* से है, जो सामान्यतः "चुनने" या विशेष प्रकार से "भर्ती करने" के समतुल्य है।[26] कुछ इसे प्रभु द्वारा उद्धार पाए हुओं (कलीसिया) की संख्या में जोड़ने (प्रेरितों 2:36-38, 41, 47; 5:14) के लिए लेते हैं। परन्तु मसीही होने के लिए किसी निर्धारित आयु का, या विवाहित होना अनिवार्य नहीं है। संभवतः NIV वाक्यांश "विधवाओं की सूची" के विषय सही है। संभवतः यह उन विधवाओं की सूची थी जो कलीसिया में किसी विशेष रीति से सेवा करतीं थीं।[27] जॉन आर. डब्ल्यू. स्टॉट ने सुझाव दिया कि "सूची उन

विधवाओं की नहीं है जिनको सहायता की आवश्यकता है, वरन उनकी है जो विधवाएं कुछ सेवा कर सकने की क्षमता रखती हैं।"[28]

विधवा का "नाम लिखे जाने" के लिए उसे तीन योग्यताओं को पूरा करना था। सबसे पहली थी आयु: वह **साठ वर्ष से कम की न हो**। "प्राचीन रोमी साम्राज्य में जीवन अल्प-अवधि का होता था।"[29] साठ बहुत वृद्ध होता था।

दूसरी योग्यता थी विवाह में उसकी निष्ठा: वह **एक ही पति की पत्नी रही हो**।[30] जब तक उसका पति जीवित रहा, वह उसके प्रति निष्ठावान रही हो (देखें NIV; NEB)। इसके अतिरिक्त, उसकी मृत्यु के उपरान्त भी वह अविवाहित रही हो (देखें 5:11, 12)।

तीसरी योग्यता थी मसीही सेवकाई: वह **भले काम में सुनाम रही हो**। यदि हमारा विचार सही है तो उन विधवाओं का "नाम लिखा" जाता था जो कलीसिया में और कलीसिया के लिए विशेष सेवाएं प्रदान करती थीं, जिनमें घर, कलीसिया, और समाज में अच्छी प्रतिष्ठा सम्मिलित थी।[31] "भले काम" के पौलुस के उदाहरण यह बताते हैं कि की जानेवाली सेवाएं "देखभाल" या "सहायक" सेवाएं थीं।

उसके भले कार्यों का एक उदाहरण है कि उसने **बच्चों का पालन-पोषण किया हो** (τεκνοτροφέω, *टेक्नोट्रोफियो*[32]*),* उनकी "शारीरिक और आत्मिक देखभाल की हो।"[33] यदि वे बच्चे उनके अपने थे तो संभवतः उनका देहांत हो चुका था; संदर्भ संकेत करता है कि वह अकेली थी।

इसके अतिरिक्त, उसने **अतिथियों की सेवा की हो**। उसने अपने घर में औरों का स्वागत किया हो, विशेषकर साथी मसीहियों का जो यात्रा में हों।[34]

जब मसीही उसके घर आते तो उसने [उनके] **पाँव धोए हों**।[35] उस समय में पाँव धोने के अभिप्राय स्वच्छता और सामाजिक महत्व के थे। यह आवश्यक था क्योंकि लोग बहुधा सैंडल पहना करते थे और अधिकांश मार्गों की मिट्टी तथा गन्दगी में चलने के कारण उनके पाँव अकसर गंदे होते थे। यह एक शिष्टाचार भी था; ठंडा पानी सुखदायक होता था (देखें लूका 7:44)। पैरों का धोना सामान्यतः सेवकों द्वारा किया जाता था, इसलिए किसी विधवा का यह करना दिखाता था कि वह अपने आप को "इतना अच्छा" नहीं समझती थी कि छोटे से छोटे कार्य करना स्वीकार न करे (देखें यूहन्ना 13:3-17)।

पौलुस ने सद्गुणों की अपनी सूची को समाप्त करते हुए कहा कि उस विधवा ने **हर एक भले काम में मन लगाया हो**। उसने भलाई करनी के प्रत्येक अवसर का सदुपयोग किया हो (गला. 6:10)। ऐसा करने के द्वारा उसने प्रदर्शित किया हो कि वह कलीसिया के अगुवों के द्वारा सौंपे गए प्रत्येक कार्य को करने के लिए सहमत है।

जवान विधवाएं (5:11-16)

[11]पर जवान विधवाओं के नाम न लिखना, क्योंकि जब वे मसीह का विरोध

करके सुख-विलास में पड़ जाती हैं तो विवाह करना चाहती हैं, 12और दोषी ठहरती हैं, क्योंकि उन्होंने अपने पहले विश्वास को छोड़ दिया है। 13इसके साथ ही साथ वे घर-घर फिरकर आलसी होना सीखती हैं, और केवल आलसी नहीं पर बकबक करती रहतीं और दूसरों के काम में हाथ भी डालती हैं और अनुचित बातें बोलती हैं। 14इसलिए मैं यह चाहता हूँ कि जवान विधवाएँ विवाह करें, और बच्चे जनें और घरबार संभालें, और किसी विरोधी को बदनाम करने का अवसर न दें। 15क्योंकि कई एक तो बहककर शैतान के पीछे हो चुकी हैं। 16यदि किसी विश्वासिनी के यहाँ विधवाएँ हों, तो वही उनकी सहायता करे कि कलीसिया पर भार न हो, ताकि वह उनकी सहायता कर सके जो सचमुच विधवाएँ हैं।

आयतें 11, 12. विधवाओं के "नाम लिखे जाने" के लिए योग्यताओं को लिखने के पश्चात, पौलुस ने उनकी योग्यताएं लिखीं जिनके "नाम लिखे जाने" नहीं थे। पहली बात जिसका उल्लेख हुआ है वह है आयु: **पर जवान विधवाओं के नाम न लिखना**। पारिभाषिक शब्द "जवान" में उनसठ वर्ष तक की विधवाएं सम्मिलित हो सकती थीं (देखें 5:9), परन्तु पौलुस की मंशा बच्चे जनने तक की आयु की विधवाओं के लिए थी (5:14)।

जैसा पहले सुझाव दिया गया है, "नाम लिखे जाने" के लिए विधवा और मण्डली में परस्पर संबंध होना आवश्यक था। प्रत्यक्षतः, मण्डली विधवा की सहायता करने के लिए सहमत होती थी, और विधवा, जो भी उसे कार्य सौंपा जाता उसे पूरा करने के लिए समर्पित रहने के लिए सहमत होती थी। दूसरी शताब्दी के बाद के भाग में या तीसरी के आरंभ में, एक आधिकारिक "विधवाओं की संस्था" बन गई थी। उनके कार्यों को स्टॉट ने इन शब्दों में संक्षिप्त किया: "जिन विधवाओं के नाम लिखे जाते थे वे प्रार्थना करने, बीमारों की सेवा करने, अनाथों की देखभाल करने, बंदीगृह में डाले गए मसीहियों से मिलने जाने, अन्यजाति अविश्वासी महिलाओं को सुसमाचार देने, और परिवर्तित हुई महिलाओं को बपतिस्मा के लिए शिक्षा देने में लगी रहती थीं।"[36] हमारे पास ऐसा कोई संकेत नहीं है कि इस प्रकार की कोई "कलीसियाई संस्था" इफिसुस में विद्यमान हो। यह एक स्थानीय प्रबंधन था जो कलीसिया को सहायता और विधवाओं को उद्देश्यपूर्ण कार्य, दोनों, प्रदान करता था।

सामान्य सहमति का एक भाग होता था कि विधवा एक "शपथ" (एक प्रतिज्ञा या सहमति) देती थी कि वह पुनः विवाह नहीं करेगी। यदि वह विवाह करती तो फिर वह कलीसिया के प्रति अपने दायित्वों और अपने नए पति के प्रति दायित्वों में खींची रहती (देखें 1 कुरि. 7:32, 33)। शब्द "शपथ" πίστις (*पिसतिस*, "विश्वास") से है, जो इस वाक्य में "निष्ठा की शपथ,"[37] "विश्वासयोग्य तथा वफादार रहने के लिए एक गंभीर प्रतिज्ञा"[38] का संकेत करता है। एक जवान विधवा, क्षणिक उत्साह या हो सकता है निराशा में, ऐसी शपथ तो ले ले - परन्तु फिर, यदि उसे कोई योग्य जवान पुरुष मिलता तो वह ऐसा करने के लिए पछताती। इस विचार का MSG भावनात्मक अनुवाद इस प्रकार से करती है:

"जैसे ही उनके नाम [सूची में] लिखे जाते वे उसमें से बाहर निकलने के प्रयास करतीं।"

इसलिए पौलुस ने मण्डली को यह दिशा निर्देश दिए: "पर जवान विधवाओं के नाम न लिखना।"[39] उसने इस निर्देश के दो कारण दिए। पहला था कि **जब वे मसीह का विरोध करके सुख-विलास में पड़ जाती हैं तो विवाह करना चाहती हैं।** "सुख विलास में पड़ जाती हैं" καταστρηνιάω *(कटासत्रेनियाओ)* से है, जिसका अर्थ है "किसी प्रबल शारीरिक लालसा द्वारा संचालित होना।"[40] यह अनैतिक लालसाओं तक सीमित रह सकता है, परन्तु संभवतः यह मात्र उन स्वाभाविक लालसाओं के विषय में है जिन्हें परमेश्वर ने हमारे शरीरों में डाला है मानव जाति के वंश-वृद्धि के लिए। अपने आप में ये लालसाएं गलत नहीं हैं, जवान विधवाओं में ये लालसाएं वृद्ध विधवाओं की अपेक्षा अधिक प्रबल होंगी और जवान स्त्री को प्रलोभित करेंगी कि वह अपनी शपथ तोड़ दे।

पौलुस जवान विधवा के विवाह करने की इच्छा के विरुद्ध नहीं था (देखें 5:14), परन्तु वह किसी व्यक्ति द्वारा प्रभु के समक्ष ली गई पवित्र शपथ को छोड़ देने के विरुद्ध था। "मसीह का विरोध करके" को "उसके विरुद्ध [जो शपथ उन्होंने] मसीह से की थी [जब उन्होंने कलीसिया के अगुवों से प्रतिज्ञा की थी कि वे अविवाहित रहेंगी]" भी पढ़ा जा सकता है।

जब जिनका "नाम लिखा गया" उनमें से जवान विधवाएं पुनः विवाह करतीं, तो वे **और दोषी ठहरती हैं, क्योंकि उन्होंने अपने पहले विश्वास को छोड़ दिया है।** यह आवश्यकता से अधिक कठोर प्रतीत हो सकता है यदि हम इस बात से अनभिज्ञ हैं कि परमेश्वर के लिए यह कितना महत्वपूर्ण है कि हम अपने वचन का पालन करें, वह करें जो हम कहते हैं कि हम करेंगे।[41] वह "दोष" (κρίμα, *क्रिमा*, "न्याय") जिसका उल्लेख हुआ है, स्वयं अपने पर दोषारोपण (एक दोषी विवेक) हो सकता है, मण्डली का न्याय (अन्य सदस्यों के साथ संबंधों में तनाव आना) हो सकता है, और ईश्वरीय न्याय (परमेश्वर की अस्वीकृति)। "मन्नत मान कर पूरी न करने से मन्नत का न मानना ही अच्छा है" (सभो. 5:5; NIV)।

आयत 13. जवान विधवाओं के "नाम लिखने" की मनाही का पौलुस का दूसरा कारण था कि कुछ में स्व-अनुशासन और मसीही परिपक्वता की कमी थी, और वे सेवकाई के अपने अवसरों का दुरुपयोग करती थीं।[42] उसने लिखा, **इसके साथ ही साथ वे घर-घर फिरकर आलसी होना सीखती हैं।** "घर-घर फिरकर" का तात्पर्य परिवारों की सहायता के लिए सौंपे गए कार्य करना हो सकता है। अधिक संभावना है कि यह आलसी होने की अभिव्यक्ति है जैसे वे "घर-घर फिरकर" घूमती रहती हैं (KJV)।

जो परमेश्वर के लिए कार्य करते हैं उन्हें बहुधा अपनी ही कार्य-सारणी बनानी होती है। जब ऐसी स्थिति हो, जब तक कि कार्यकर्ता अनुशासित नहीं होगा और उसमें भंडारीपन की चोखी भावना नहीं होगी, तो उसके लिए समय को व्यर्थ करना या उसका दुरुपयोग करना सरल होगा। हो सकता है कि पौलुस ने जिनके बारे में लिखा उन्होंने, उन्हें सौंपे गए कार्य पूरे कर लिए हों, और फिर

इसके स्थान पर कि और कुछ करने के लिए देखें, उन्होंने "इधर-उधर मिलने जाने" का विचार किया। कुछ भी हो, उनके पास समय बहुत था। मेरी दादी की एक पसंदीदा कहावत थी "खाली हाथ शैतान का घर है।"

पौलुस ने जिनके बारे में कहा वे **केवल आलसी नहीं पर बकबक करती रहतीं और दूसरों के काम में हाथ भी डालती हैं और अनुचित बातें बोलती हैं**। जो परिवारों के साथ घनिष्ठता से कार्य करते हैं अकसर वे ऐसी व्यक्तिगत बातों के विवरण जानते हैं जिन्हें गुप्त रहना चाहिए। दुःख की बात है पौलुस ने जिनके विषय लिखा वे "बकबक करने वाले" थे। जिस शब्द का अनुवाद "बकबक करने वाले" (φλύαρος, *फ्लूअरोस*, शब्दार्थ, "बकबक करना") हुआ है वह क्रिया φλύω (*फ्लूओ*, "बकबक") से संबंधित है।[43] वे जिन बातों के बारे में बकबक करते थे वे चाहे सत्य हों या नहीं हों, परन्तु केवल यही विचार करनी की बात नहीं है। जिस शब्द का अनुवाद "सही" हुआ है उसका मूल है δεῖ *(देई)*, जो कि उसका वर्णन करता है जो "आवश्यक" या "उचित" है।[44]

पौलुस ने इन व्यक्तियों को "औरों के काम में हाथ भी डालने वाली" भी कहा। यूनानी शब्द περίεργος *(पेरीएर्गोस)* का अर्थ है "किसी से असंबंधित बातों पर ध्यान देना," "टांग अड़ाने वाला" होना।[45] एक प्राचीन यूनानी दार्शनिक ने "औरों के काम में हाथ डालने वाले" के लक्षण इस प्रकार बताए: "औरों के काम में हाथ डालने वाले द्वारा प्रस्तुत की गई सेवाओं में बहुत लगाव और दयालुता होती है, परन्तु बहुत थोड़ी कुशल सहायता।"[46]

आयत 14. यदि जवान विधवाओं के "नाम लिखे" नहीं जा सकते थे, तो फिर उन्हें क्या करना था? पौलुस की सलाह यह थी: **इसलिए मैं यह चाहता हूँ कि जवान विधवाएँ**[47] **विवाह करें, और बच्चे जनें और घरबार संभालें** (देखें तीतुस 2:4, 5)।[48] इस घटनाक्रम से दो समस्याओं का समाधान हो जाता: जवान पत्नी को कलीसिया द्वारा सहायता दिए जाने की आवश्यकता नहीं रहती;[49] और, यह मानते हुए कि वह अपने कार्य भली-भांति करती है, अपने बच्चों और घर के प्रति, वह इतनी व्यस्त रहेगी कि उसे घर-घर जाकर बातें बनाने तथा औरों के काम में हाथ डालने का समय ही नहीं रहेगा।

जिस यूनानी शब्द का अनुवाद "घरबार संभालें" (οἰκοδεσπότέω, *ओइकोडेसपोटीओ)* हुआ है, उस पर एक अतिरिक्त टिप्पणी दी जा सकती है। यह संधि शब्द है, "घर" (οἶκος, *ओइकोस)* तथा "अधिकार" (δεσποτέω, *डेसपोटीओ)*[50] का। "घरबार संभालें" के स्थान पर ASV में "घर पर अधिकार रखें" आया है। पत्नी को अपने पति के अधीन रहना है (तीतुस 2:5; देखें इफि. 5:22), परन्तु उसे रानी के समान घर में अधिकार रखना है (देखें नीति. 31:10-31)। एक बुद्धिमान पति अधिकांश घरेलू निर्णयों में अपनी पत्नी की इच्छाओं की ओर रहेगा।

यह ध्यान करना चाहिए कि *ओइकोडेसपोटीओ* न केवल एक अधिकार प्रदान करता है, वरन एक उत्तरदायित्व भी देता है। एक विवाहित स्त्री अपने जीवन से और चाहे जो कुछ भी करे, उसे अपने घर और परिवार के लिए समय

अवश्य देना चाहिए। वॉरेन डब्ल्यू. रिस्बी ने लिखा,

> यद्यपि ऐसे समय आते हैं जब एक मसीही पत्नी और माँ को घर के बाहर काम करना पड़ता है, लेकिन इससे घर में उसकी सेवकाई का नाश नहीं होना चाहिए। ऐसी पत्नी जो केवल इसलिए काम करती है जिससे घर में विलासिता की वस्तुएँ आ सकें, वह बहुत देर हो जाने पर ही जानने पाएगी कि उसने कुछ बहुत आवश्यक बातें गंवा दी हैं। पैसे से जो खरीदा जा सकता है वह खरीदना ठीक हो सकता है *यदि* आप उसे न खो दें जो पैसे से खरीदा नहीं जा सकता है।[51]

जैसा उसे करना चाहिए, वैसे करने के द्वारा, स्त्री **किसी विरोधी को बदनाम करने का अवसर न देंगी**। "विरोधी" सामूहिक रीति से उन के लिए है जो सदा कलीसिया की आलोचना करने का कोई अवसर ढूंढते रहते हैं।[52] (ऐसी कल्पना करना कठिन नहीं है कि उनमें से कोई कह रहा है, "ज़रा श्रीमती मैं-तुम-से-बेहतर-हूँ को तो देखो! वह घर-घर घूमकर बातें बनाने और दूसरों की बातों में टाँग अड़ाने वाली होने के अतिरिक्त और कुछ नहीं है! और फिर वह अपने आप को मसीही कहती है।" जिस शब्द का "अवसर" (ἀφορμή, *अफोरमे)* अनुवाद हुआ है उसका अभिप्राय "युद्ध के समय में कार्यों को संचालित करने वाला आधार-स्थल" है।[53] शैतान को मसीहियत पर आक्रमण करने के लिए उन मसीहियों से जो मसीही होने के समान जीवन जीने में असफल होते हैं, अधिक अच्छा "आधार-स्थल" और कोई नहीं मिल सकता है।

आयत 15. यह आयत इस तथ्य को और दृढ़ करती है कि पौलुस इफिसुस की कलीसिया में वास्तविक जीवन की समस्याओं से जूझ रहा था। हमारे सामने ये हृदयविदारक शब्द हैं: **क्योंकि कई एक तो बहककर शैतान के पीछे हो चुकी हैं।** इससे यह तात्पर्य निकल सकता है कि जवान विधवाएं शैतान के पीछे चल निकली थीं जब उन्होंने अविवाहित रहने की प्रतिज्ञा तोड़ी, परन्तु प्रबल भाषा इससे भी कुछ अधिक उग्र बात की ओर संकेत करती है। कुछ मानते हैं कि वे वेश्याएं बन गई थीं। कुछ अन्य सुझाव देते हैं कि उन्होंने गैर मसीहियों से विवाह कर लिए थे और विश्वास को छोड़ दिया था। कुछ इस बात के प्रति दृढ़ निश्चय हैं कि ये 2 तीमुथियुस 3:6, 7 (KJV) की "छिछौरी स्त्रियाँ" हैं जो इफिसुस में झूठे शिक्षकों का अनुसरण कर रही थीं। उनके विशिष्ट पाप जो भी रहे हों, मसीह से मुड़कर शैतान की ओर हो जाने से अधिक त्रासदीपूर्ण और कुछ नहीं है।

आयत 16. पौलुस ने विधवाओं से संबंधित इस खण्ड का समापन किया पुनः इस बात पर बल देकर, कि यदि किसी विधवा के संबंधी हैं तो यह उनका दायित्व है, न कि कलीसिया का - कि उसकी देखभाल करें: **यदि किसी विश्वासिनी[54] के यहाँ विधवाएँ हों, तो वही उनकी सहायता करे कि कलीसिया पर भार न हो, ताकि वह उनकी सहायता कर सके जो सचमुच विधवाएँ हैं।**

5:4 के सामान्य वाक्यांश "बच्चे" तथा "नाती-पोते" इस बात को दिखाते हैं कि दोनों पुरुष और स्त्रियाँ विधवाओं की देखभाल के लिए उत्तरदायी थीं।

संभवतः पौलुस ने 5:16 में स्त्रियों का विशेष उल्लेख किया, 5:14 में उसके द्वारा दिए गए स्त्रियों के दायित्वों के साथ और भी बातें जोड़ने के लिए।[55]

आयत 4 बल देती है कि यह मसीहियों का कर्तव्य है कि वे अपने माता-पिता और दादा-नाना की देखभाल करें। आयत 16 में इस निर्देश को और वृहद कर के "परिवार की विधवाओं" (REB) को भी सम्मिलित कर लिया गया। दुर्भाग्यवश कुछ अपने दायित्वों को औरों पर डाल देने के प्रयास करते हैं, पारिवारिक उत्तरदायित्वों को भी - विशेषकर यदि उन उत्तरदायित्वों के निर्वाह में धन, समय और श्रम व्यय होते हैं। MSG आयत 16 का भावानुवाद इन कठोर शब्दों के साथ करती है "उनको [विधवाएं जो संबंधियों के साथ रहती हैं] कलीसिया पर फेंक नहीं देना चाहिए। कलीसिया के हाथ पहले ही उन विधवाओं से भरे हैं जिन्हें [सचमुच] सहायता की आवश्यकता है।"

अनुप्रयोग

लोगों के प्रति प्रचारक का व्यवहार अच्छा होना चाहिए (अध्याय 5)

जब मैं प्रचार करने वाले छात्रों से बात करता हूँ, तो मैं कभी-कभी कहते हुए शुरू करता हूँ, "मेरे पास अच्छी और बुरी दोनों खबर है। आप पहले कौन सा सुनना चाहते हैं? "यदि वे कहते हैं," अच्छी खबर, तो मैं मुस्कुराता हूँ और कहता हूँ, "अच्छी खबर यह है कि, सुसमाचार प्रचारक के रूप में, आपको लोगों के साथ काम करना है! लोग सहायक हो सकते हैं और साथ दे सकते हैं। वे आपके जीवन को आशीष देते हैं!" "यदि वे कहते हैं," "बुरी खबर," तो मैं मुँह बनाते हुए कहता हूँ। "बुरी खबर यह है कि, सुसमाचार प्रचारक के रूप में, आपको लोगों के साथ काम करना है! लोगों से निराशा और परेशानी और घृणा भी मिल सकती है!" इसके बावजूद यह कैसे व्यक्त किया जाए, लोगों से व्यवहार बनाए रखना एक प्रचारक होने की प्रमुख चुनौतियों में से एक है।

परमेश्वर की दृष्टि में विधवाएँ बहुमूल्य हैं (5:3-10)

हम समाज के कई कमजोर वर्गों के बारे में सोच सकते हैं: अनाथ, बेघर, एकल माता-पिता, वे जिनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, और अन्य। कलीसिया को इन सभी के बारे में चिन्ता करनी चाहिए। परन्तु, 3 से 10 आयतों के हमारे अध्ययन में, हम मूल रूप से विधवाओं पर ध्यान केन्द्रित करेंगे, जैसे पौलुस करता था।

हमारे लिए इस अनुच्छेद से सीखने के लिए सबसे स्पष्ट सीख यह है कि विधवाएँ परमेश्वर की दृष्टि में बहुमूल्य हैं। विधवाओं से किस तरह का बर्ताव करना है पर परमेश्वर के निर्देश सामान्य रूप से समाज की रीतियों के विपरीत थे। कुछ प्राचीन संस्कृतियों में, एक विधवा को उसके मृत पति के साथ गाड़ा जाता था या यहाँ तक कि उसकी चिता के साथ उसे भी जीवित जला दिया

जाता था। परन्तु, परमेश्वर विधवाओं की सुधि लेनेवाला था (व्यव. 10:18; भजन 68:5)। विधवाओं के साथ दुर्व्यवहार से वह क्रोधित हो उठता था (निर्गमन 22:22-24)। उनकी देखभाल के लिए उपाय किया गया था; उदाहरण के लिए, उसने इस्राएलियों को आज्ञा दी कि प्रत्येक उपज में से कुछ भाग उनके लिए छोड़ दें (व्यव. 14:28, 29; 24:19-22; 26:12, 13)।

यीशु भी विधवाओं की चिन्ता करता था। उसने उन पर विशेष ध्यान दिया (लूका 7:11-15; 18:1-8; 21:1-4)। उसका क्रोध उन लोगों पर भड़क उठता था जो "विधवाओं के घरों को खा जाते हैं" (मरकुस 12:38-40)। इसके अलावा, विधवाओं की सुधि लेना प्रारम्भिक कलीसिया के कार्य का एक हिस्सा था (प्रेरितों 6:1-6)। यह "शुद्ध और निर्मल भक्ति" का एक आवश्यक पहलू बना रहता है (याकूब 1:27)। "आज चार पत्नियों में से तीन विधवा होती हैं।"[56] कलीसिया के लिए यह एक चुनौती और अवसर दोनों प्रदान करता है। हमारे लिए प्रत्येक विधवा बहुमूल्य होनी चाहिए।

कलीसिया के पास विधवाओं के प्रति जिम्मेदारी होती है (5:3-7)

विधवाओं की सहायता करना कलीसिया की जिम्मेदारी होती है, विशेष करके उनके लिए जिन्हें पौलुस "जो सचमुच विधवा हैं" कहता था। एक नियम के रूप में, यह "उदारता" के शीर्षक के भीतर गिना जाता है, जो कि कलीसिया के सबसे चुनौतीपूर्ण कार्यों में से एक है। पौलुस ने इस प्रभाव में कहा, "कलीसिया को उन विधवाओं की सहायता करना है जो सहायता के योग्य हैं, परन्तु यह उन लोगों की सहायता नहीं करनी चाहिए जो अयोग्य हैं।" हमें उन लोगों को सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है जिन्हें इसकी आवश्यकता है, परन्तु आलस्य को बढ़ावा नहीं देना हैं (देखें 2 थिस्स. 3:10-12)। उस भेद को बनाना अक्सर बहुत कठिन होता है।

जैसा कि पौलुस ने लिखा, वह पूरी तरह से मण्डली की चिन्ता करता था; परन्तु हममें से प्रत्येक को कलीसिया के सदस्य के रूप में इसे लागू किया जा सकता है। पवित्र आत्मा सभी सदस्यों से बात कर रहा था जब उसने कहा याकूब ने लिखा "हमारे परमेश्वर और पिता के निकट शुद्ध और निर्मल भक्ति यह है कि अनाथों और विधवाओं के क्लेश में उनकी सुधि लें, और अपने आप को संसार से निष्कलंक रखें" (याकूब 1:27)। शब्द "सुधि लेना" (ἐπισκέπτομαι, *एपिस्केप्तोमाई*) का अर्थ "किसी से मिलने जाना और बातचीत करना" नहीं है। इसका तात्पर्य "अध्यक्ष" (ἐπίσκοπος, *एपिस्कोपोस,* "देखभाल करना," "रखवाली करना")[57] शब्द से सम्बन्धित है। सुधि लेना अच्छी बात है; विधवाओं को यह जानने की जरूरत है कि वे भूल नहीं गए हैं। परन्तु, उनकी जरूरतें इससे भी अधिक है। यह अनुच्छेद ईश्वरीय जोड़ों को ध्यान में लाता है जिनकी सेवा विधवाओं की सहायता करना है। प्रत्येक सप्ताह वे यह जानने के लिए कि विधवाओं की क्या आवश्यकताएँ हैं, एक योजना बनाते हैं यह देखने के लिए कि वे कैसे उनकी सहायता कर सकते हैं।

एक विधवा की केवल आर्थिक आवश्यकताएँ ही नहीं होती (5:3-7)

यह एक बिंदु है जिस पर हमें विचार करना चाहिए: एक विधवा की आवश्यकताएँ केवल आर्थिक बिल्कुल ही नहीं होती है। एक विधवा के लिए हर समस्या का समाधान पैसा ही नहीं है। वास्तव में, एक विधवा की आर्थिक आवश्यकता उसे सबसे कम परेशान करनेवाली आवश्यकता हो सकती है।

उदाहरण के लिए, हममें से बाकी की तरह, उसे आत्म-मूल्य की भावना की आवश्यकता होती है। आइए हम 5:3 में शब्दों के लिए एक क्षण के लिए वापस जाएँ: "विधवाओं का आदर कर।" हमने सुझाव दिया कि अनुवाद किया गया शब्द "आदर" का अर्थ विधवाओं के मूल्य को व्यक्त करने के लिए "ऊँचा आदर दिखाने" से है। जो भी हम विधवाओं की सहायता करने के लिए करते हैं वह दान नहीं है। बल्कि, उनके लिए यह हमारी प्रशन्सा की अभिव्यक्ति है।

एक विधवा भी उपयोगी महसूस करना चाहती है। जिसका उल्लेख पहले ही किया जा चुका है, 1 तीमुथियुस 5 में "सूची" में विधवाओं का एक समूह शामिल था, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए कलीसिया की सेवा - कार्यों को किया। इन विधवाओं की मिलती जुलती क्षमताओं को जिसे कार्यों के साथ पूरा किया जाना है जो एक सेवक या अन्य जिम्मेदार व्यक्ति के लिए एक सार्थक कार्य होगा। मैं सभी सम्भावनाओं को सूचीबद्ध करने का कोई प्रयास नहीं करूँगा,[58] परन्तु दोरकास का विचार मन में आता है। उसने विधवाओं के लिए कपड़े बनाए (प्रेरितों 9:36, 39)। मैं उन मसीही स्त्रियों को जान पाया जो अस्पताल में नए जन्में बच्चों के लिए छोटे छोटे कम्बल बनाती और टोपी बुनती थीं। तीतुस के साथ आगे बढ़ते हुए, हमें युवा माताओं के साथ समर्थन और सलाह देने के लिए विधवाओं को जोड़ने का विचार मिलता है (तीतुस 2:3-5)। अन्य सम्भावनाएँ दी जा सकती हैं। कई विधवाएँ वर्ल्ड बाइबल स्कूल जैसे शैक्षणिक कार्यक्रमों से जुड़ी हुई हैं। परमेश्वर का भय माननेवाली किसी भी विधवा द्वारा किए जाने वाली सबसे बड़ी सेवाओं में से एक प्रार्थना की सेवा है। यदि उसके लिए नियमित रूप से मिलने वाले प्रार्थना समूह का हिस्सा बनना सम्भव है, तो यह दोगुनी आवश्यकता को पूरा करेगा।

परमेश्वर विधवाओं की सुधि लेता है, सच में सुधि लेता है - और इसलिए हम में से प्रत्येक को भी लेना चाहिए।

हर एक परिवार को अपनी-अपनी विधवाओं की जिम्मेदारी होती है (5:16)

पौलुस द्वारा एक और सच्चाई पर बल दिया गया है कि यह प्रत्येक परिवार की पहली और सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे अपने घर उन विधवाओं के साथ जो माता हैं (5:4), विधवाओं की सुधि लें (5:16)। "अपने पिता और माता का आदर कर" अभी भी बाइबल में पाया जाता है (इफि. 6:2; देखें मत्ती 15:3-9)।

सम्भवतः, अपने लोगों की देखभाल करने की जिम्मेदारी पर हमारी

सार्वजनिक शिक्षा अपर्याप्त है। कई लोग अपनी जिम्मेदारी दूसरों को - कलीसिया, सरकार या कुछ उदार समाज को देने में अधिक प्रसन्न होते हैं। यह बात अक्सर सुना जाता है: "*वे* मेरी माता का सुधि क्यों नहीं ले रहे हैं?" जब दूसरे हमारी सहायता करते हैं, तो यह एक आशीष होता है; परन्तु हम कभी नहीं भूलें कि परमेश्वर ने कहा है कि *हम* अपने परिवारों में विधवाओं की देखभाल करने के लिए जिम्मेदार हैं।

यह हमारे जीवन की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक हो सकता है। बहुत समय पहले से नहीं, मैं अपने विधुर पिता के अन्तिम वर्षों की देखभाल के लिए जिम्मेदार था। यह मेरी अब तक की सबसे कठिन ज़िम्मेदारी थी। यह थका देनेवाली और मन को दुःखी करनेवाली थी। मैं हमेशा अपने फैसलों के बारे में संदेह से भरा हुआ होता था। फिर भी, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ पहले किया, क्योंकि मैं अपने पिता से प्रेम करता था, और इसलिए भी कि मुझे विश्वास था कि वह परमेश्वर की इच्छा थी।

प्रत्येक पीढ़ी को इस जिम्मेदारी के सम्बन्ध में अगली पीढ़ी को सिखाना चाहिए (नीति. 22:6)। अपने बच्चों को सिखाने के अलावा बाइबल क्या सिखाती है, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जो प्रेम, देखभाल और चिन्ता हम अपने परिवार के बूढ़े सदस्यों के प्रति रखते हैं वे उन पर ध्यान लगाए रहते हैं। इस देखभाल में अपने बच्चों को शामिल करना भी अच्छी बात है। हम उन्हें उनके दादा दादी और परदादा परदादी के लिए प्रेम की भावना को बाँटने में उनकी सहायता कर सकते हैं।

समाप्ति नोट्स

[1]वॉल्टर बाऊर, *ए ग्रीक-इंगलिश लेक्सिकन ऑफ द न्यू टेस्टामेंट एण्ड अदर अर्ली क्रिश्चियन लिट्रेचर*, तीसरा संस्करण एडिटेड एंड रिवाइज्ड फ्रेड्रिक विलियम डैनकर (शिकागो: यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो प्रेस, 2000), 377; डब्ल्यू. ई. वाइन, मेरिल एफ. अंगर, एण्ड विलियम व्हाईट, जूनियर, *वाईन्स कंप्लीट एक्सपोज़िट्री डिक्शनरी ऑफ ओल्ड एण्ड न्यू टेस्टामेंट वर्डस* (नैशविले: थॉमस नेल्सन पब्लिशर्स, 1985), 510. एक प्रकार से प्रचारक को पापियों को डांटना है; परन्तु "डांटने" के लिए 5:20 में भिन्न यूनानी शब्द का प्रयोग किया गया है। [2]*पैराक्लियो* का 1:3; 2:1 में अनुवाद "उकसाना" हुआ है। [3]बाऊर, 1084. [4]उपरोक्त, 715. [5]क्रिया *तिमाओ* संज्ञा τιμή *(तिमे)* से संबंधित है जो 1:17 में परमेश्वर को आदर देने के संदर्भ में आता है। [6]बाऊर, 1004-5. [7]*तिमे* और *तिमाओ* में सदा ही आर्थिक सहायता का भाव नहीं होता है। दासों को अपने स्वामियों को "आदर" *(तिमे)* (6:1) देना होता था, जिसमें आर्थिक सहायता नहीं होती थी। परन्तु 5:3 में *तिमाओ* में यह धारणा सम्मिलित है। [8]"नाती-पोते" ἔκγονος *(एकगोनोस)* से है, जो सामान्यतः "वंशजों" या फिर विशेषतः "नाती-पोते" के लिए है (बाऊर, 300)। KJV में "भानजा/भतीजा" आया है जो वर्तमान प्रयोग के अनुसार गलत है। सन 1611 में "'nephew' नाती-पोतों और अन्य वंशजों के लिए प्रयोग होने वाला शब्द था (न्यायियों 12:14; 1 तीमु. 5:4); किन्तु अब यह भाई या बहिन के पुत्र के लिए है" (जैक पी. ल्यूइस, *द इंगलिश बाइबल फ्रॉम KJV टू NIV*, 2न्ड एड. [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1991], 58)। [9]"सीखने" μανθάνω *(मंथनो)* के लिए प्रयुक्त यही शब्द तीतुस 3:14 में भी प्रयोग हुआ है। [10]"माता-पिता" πρόγονος *(प्रोगोनोस)* से है जो πρό (*प्रो,*

"पहले") और γίνομαι (*गिनोमई*, "बनना" या "जन्म लेना") की संधि है। यह पारिभाषिक शब्द ऐसे के लिए है जो "पहले जन्मा" हो (वाइन, अंगर, एण्ड व्हाईट, 248)। इस संदर्भ में, इस हमारे माता-पिता और दादा-नाना के लिए, जो हमारे जन्म से पहले थे, प्रयोग किया जाता है। (बाऊर 867.)

[11]बाऊर, 413. [12]उपरोक्त, 109. [13]"विनती" (δέησις, *दीसिस* से) और "प्रार्थना" (προσευχή, *प्रोसूके* से है) और ये 2:1 में उल्लेखित हैं। [14]कुछ मानते हैं कि इसका तात्पर्य स्त्री का वेश्या बन जाने से है। उन दिनों में स्त्रियों के लिए उपलब्ध उन थोड़े से "कार्यों" में से एक वेश्यावृति थी। किन्तु अधिक संभावना यही है कि यह विलासिता के जीवन से संबंधित है। [15]बाऊर, 936. [16]उपरोक्त, 457-58. [17]देखें 4:11 और उसका संदर्भ। [18]दूसरा भाग भी इसी बल के साथ समाप्त होता है। [19]इस आयत का उपयोग कभी-कभी माता-पिता को यह सिखाने के लिए होता है कि माता-पिता को अपने बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए। आयत एक सामान्य सिद्धान्त स्थापित करती है जो माता-पिता पर भी लागू किया जा सकता है, परन्तु खण्ड विशेष रीति से व्यसक हो गए बच्चों द्वारा अपने वृद्ध माता-पिता उर दादा-नाना की देखभाल करने से संबंधित है। [20]देखें 3:9.

[21]बाऊर, 132-33. [22]देखें निर्गमन 20:12; मत्ती 15:4; 19:19; इफि. 6:2. [23]जॉन पीटर लैंग, "टिमोथी," *कॉमेन्ट्री ऑन होली स्क्रिप्चर्स: थिस्सलोनियंस - हीब्रूस*, ट्रान्सलेशन एण्ड एडिटर फिलिप शैफ (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ॉनडरवैन पबलिशिंग हाउस, तिथि अज्ञात), 58. [24]याकूब 1:27 विधवाओं की देखभाल करने के महत्व पर बल देता है। [25]जे. डब्ल्यू. रॉबर्ट्स, *लेटर्स टू टिमोथी*, द लिविंग वर्ड (ऑस्टिन, टेक्सस: आर. बी. स्वीट कंपनी, 1964), 57. [26]बाऊर, 520. [27]कुछ "नाम लिखने" वाली विधवाओं को 3:11 की "स्त्रियों" के साथ जोड़ते हैं, परन्तु योग्यताएं भिन्न हैं (देखें 3:11)। [28]जॉन आर. डब्ल्यू. स्टॉट, *गार्ड द ट्रुथ: द मेसेज ऑफ 1 टिमोथी एण्ड टाईटस*, द बाइबल स्पीक्स टुडे (डाउनर्स ग्रोव, इल्लिनोय: इन्टरवर्सिटी प्रैस, 1996), 132. [29]वॉल्टर एल. लेफेल्ड, *1 & 2 टिमोथी, टाईटस*, द NIV एप्लिकेशन कॉमेन्ट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ॉनडरवैन, 1999), 175. [30]भाषा प्राचीनों की योग्यताओं में से एक के समान है (देखें 1 तीमु. 3:2).

[31]क्रिया "सुनाम रही हो" (μαρτυρέω, *मारट्युरेओ*) 1 तीमुथियुस 3:7 में संज्ञा "यश" (μαρτυρία, *मारट्युरिया)* से संबंधित है। [32]यह संधि शब्द "बच्चे" के लिए शब्द (τέκνον, *टेकनौन)* को "पालना" के लिए शब्द (τρέφω, *ट्रेफो)* के साथ जोड़ता है। (वाइन, अंगर, एण्ड व्हाईट, 100.) [33]बाऊर, 995. [34]एक देखभाल करने वाले को "अतिथि-सत्कार करने वाला" भी होना चाहिए (1 तीमु. 3:2)। [35]कुछ 1 तीमुथियुस 5:10, और अन्य ऐसे खण्डों का प्रयोग यह शिक्षा देने के लिए करते हैं कि आज भी आराधना सभा में पैरों का धोना सम्मिलित होना चाहिए। परन्तु 1 तीमुथियुस 5:10 की स्थिति आराधना सभा की नहीं है, वरन एक स्त्री की उसके घर में होने की है। [36]स्टॉट, 132-33. [37]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाईट, 222. [38]बाऊर, 818. आयत 12 में इसे "उनकी पूर्व शपथ" कहा गया है। "पूर्व" πρῶτος (प्रोटोस, "प्रथम") से है। (बाऊर, 892-93; देखें KJV।) कुछ मानते हैं कि यह संकेत करता है कि पौलुस के मन में वह "शपथ" थी जो हमने मसीह से की थी जब हमने बपतिस्मे से पहले उसे प्रभु स्वीकार किया था। फिर वे सुझाव देते हैं कि पौलुस जिस की भर्त्सना कर रहा था वह विधवाओं का गैर-मसीहियों से विवाह करना था (देखें 1 कुरि. 7:39)। यह व्याख्या संभव है और पवित्र-शास्त्र के किसी अन्य खण्ड के विरुद्ध नहीं है, परन्तु "शपथ" लेना "परिवर्तन का वर्णन करने की सामान्य विधि नहीं है" (लेफेल्ड, 183)। [39]"मनाही" παραιτέομαι *(पैराइटियोमाइ)* से है, जिसका अर्थ है "त्यागना" (देखें टाईटस 3:10)। [40]बाऊर, 528.

[41]पुराने नियम में मन्नतों के मानने के महत्व के लिए देखें, गिनती 30:2; व्यव. 23:23. (तुलना करें मत्ती 5:33-37.) [42]पौलुस की भाषा संकेत करती है कि वह काल्पनिक बात नहीं कर रहा था, परन्तु जो उस समय इफिसुस की मण्डली में हो रहा था उसके विषय में बात कर रहा था। [43]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाईट, 619. [44]बाऊर, 213-14. [45]उपरोक्त, 800. [46]थियोफ्रेस्टस *द*

कैरेक्टर्स ऑफ थियोफ्रेस्टस 14. (इस कृति के कुछ अनुवाद पारिभाषिक शब्द "Busybody," का प्रयोग नहीं करते हैं, और वे भिन्न संख्या देने की प्रणाली का पालन करते हैं।) [47]जिस शब्द का अनुवाद "जवान विधवाएं" हुआ है उसी का 5:2 में अनुवाद जवान स्त्रियाँ हुआ है (KJV भी उसे 5:14 में ऐसे ही अनुवाद करती है), परन्तु संदर्भ संकेत करता है के ये "जवान विधवाएं" थीं। [48]"सामान्य-समझ की यह सलाह कलीसिया के इतिहास में बाद में विकसित हुई अविवाहित रहने की रुचि के विपरीत है" (डोनाल्ड गुथ्री, *द पास्टोरल एपिसिल्स*, रिव. एड., द टिंडेल न्यू टेस्टामेंट कॉमेन्ट्रीस [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कंपनी, 1990], 116)। [49]उन जवान विधवाओं का क्या जो अनेकों कारणों से या तो विवाह कर नहीं सकीं, या फिर उन्होंने किया नहीं? पौलुस के शब्द नियम प्रस्तुत करते हैं, न कि अपवाद। यदि वे जवान अविवाहित विधवाएं "सचमुच विधवाएं" थीं तो निश्चय ही कलीसिया उनकी सहायता करती थी; परन्तु यह उस परिस्थिति से बाहर है जिसने पौलुस की चिन्ता को उकसाया। [50]इससे संबंधित संज्ञा रूप है δεσπότης (*डेसपोटेस*, "तानाशाह"), जो ऐसे के लिए है जिसके पास औरों के ऊपर अधिकार है, एक "शासक" या "स्वामी"। (बाऊर, 220.)

[51]वॉरेन डब्ल्यू. वियर्सबे, *द बाइबल एक्सपोजीशन कॉमेन्ट्री: न्यू टेस्टामेंट*, वोल. 2 (व्हीटन इल्लेनोए: विक्टर बुक्स, 1989), 230-31. [52]क्योंकि "विरोधी" एकवचन है, इसलिए कुछ सोचते हैं कि पौलुस के मन में वह था जो इन आलोचकों के पीछे था: शैतान (देखें 5:15). [53]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाईट, 440. [54]आयत 16 में, KJV में "पुरुष या स्त्री" है, परन्तु लेख का प्रमाण केवल "स्त्री" शब्द के पक्ष में ही है। देखें ब्रूस एम. मेट्ज़गेर, *ए टेक्सच्युअल कॉमेन्ट्री ऑन द ग्रीक न्यू टेस्टामेंट*, 2न्ड एड. (स्टुटगार्ट, जर्मनी: जर्मन बाइबल सोसाइटी, 1994), 574-75. [55]कुछ यह सुझाव देते हैं कि पौलुस ने आयत 16 में स्त्रियों को विशिष्ट कहा क्योंकि विधवाओं के दिन-प्रतिदिन की देखभाल का उत्तरदायित्व पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियों पर ही पड़ेगा। [56]ब्रूस बी. बार्टन, डेविड आर. वीरमैन, एण्ड नील विल्सन, *1 तिमोथी, 2 तिमोथी, टाइटस,* लाइफ एप्लीकेशन बाइबल कॉमेन्टरी (व्हीटोन, इलिनोय: टिंडेल हाउस पब्लिशर्स, 1993), 103. [57]बाऊर, 378; वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 662. [58]कई विचारों के लिए, तीसरी शताब्दी में विधवाओं के एक कलीसियाई उपदेश "आदेश" के कर्तव्यों की सूची देखें (देखें 1 तीमु. 5:11 पर टिप्पणियाँ)।